FACTSHEET

न्यायालय में आना

Hindi | भाषा

स्थान

ACT Law Courts Building, Knowles Place, Canberra, ACT में स्थित है।

न्यायालय के न्यायक्षेत्र

ACT न्यायालयों में ACT Coroners Court (कोरोनर का न्यायालय), ACT Childrens Court (बाल न्यायालय), ACT Magistrates Court (मजिस्ट्रेट न्यायालय), ACT Supreme Court (सर्वोच्च न्यायालय) और ACT Court of Appeal (अपील न्यायालय) शामिल हैं।

बाल न्यायालय के लिए प्रवेश

ACT Childrens Court के लिए एक अलग प्रवेश है, जो Law Courts Building के मुख्य प्रवेश के बगल में स्थित है।

न्यायालय का कार्यकाल

न्यायालय के खुलने का समय सुबह 8.30बजे से लेकर शाम 5.00बजे तक है। पूछताछ काउंटर सुबह 9.00बजे से शाम 4.30बजे तक खुला रहता है।

इसके निकट उपलब्ध परिवहन

Law Courts Building से लगभग 500 मीटर की दूरी पर कैनबरा सिटी बस और लाइट रेल इंटरचेंज मौजूद है। न्यायालय के परिसर क्षेत्र में शुल्क के साथ सीमित पार्किंग उपलब्ध है।

जलपान

Law Courts Building के भूतल पर सुरक्षा से होकर जाने से पहले एक कॉफी शॉप स्थित है। वेंडिंग मशीनें और शीतल जल न्यायालय भवन के अंदर उपलब्ध हैं। सामान्य रूप से भोजन, कॉफी और पेयों को न्यायालय भवन में लाया जा सकता है, लेकिन बोतलों या कटलरी जैसी धातु और कांच की वस्तुओं को सुरक्षा से होकर ले जाने की अनुमति नहीं दी जाती है। न्यायकक्षों में भोजन या पेय-पदार्थों (पानी के अतिरिक्त) का सेवन करने की अनुमति नहीं है।

सुरक्षा जाँच

न्यायालय भवन में प्रवेश करने के लिए आपको सुरक्षा जाँच से होकर गुजरना होगा। कतारें लग सकती हैं, इसलिए आपको समय से पहले न्यायालय भवन में पहुंच जाना चाहिए। एक्स-रे मशीन से होकर जाने के लिए आपको सभी खुली वस्तुओं को ट्रे में रखने के लिए कहा जाएगा। इसमें दस्तावेज, फोन, चाबियाँ, वॉलेट और हैंडबैग जैसी वस्तुएँ शामिल हो सकती हैं। यदि धातु जाँच उपकरण से प्रतिक्रिया होती है, तो आपको जूते, बेल्ट या गहनों जैसी वस्तुओं को हटाने के लिए भी कहा जा सकता है। यदि आपकी कोई विशिष्ट आवश्यकताएँ हैं, तो कृपया (02) 6205 0322 पर टेलीफोन करके Courts Assistance Officers के माध्यम से पहले से ही व्यवस्था करा लें।

शौचालय और माता-पिता कक्ष

न्यायालय भवन के हरेक तल पर शौचालय स्थित हैं। भूतल पर हमारे सुरक्षाकर्मियों से निवेदन करके हमारे माता-पिता कक्ष की सुलभता प्राप्त की जा सकती है। न्यायालय में कोई चाइल्डकेयर सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए आपको न्यायालय में उपस्थित होने से पहले स्वयं अपनी चाइल्डकेयर व्यवस्थाएँ करनी होंगी।

सूचना बोर्ड

सुरक्षा से होकर गुजरने के बाद आपको सूचना बोर्डों पर केस का नाम और जिस न्यायाकक्ष में उस केस की सुनवाई होगी, उसके बारे में जानकारी दिखाई देगी। सूचना बोर्डों की ओर देखते हुए उनके सामने खड़े होने पर Magistrates Court आपके बाईं ओर और Supreme Court आपके दाईं ओर है।

पूछताछ काउंटर

यदि आपको हमारे न्यायालय पूछताछ काउंटर पर बात करने की आवश्यकता है, तो आपको कतार में लगने के लिए एक टिकट लेना होगा। यदि आपको अंग्रेज़ी समझने में कठिनाई होती है, तो हमारे पूछताछ कर्मचारी टेलीफोन के माध्यम से दुभाषिए की व्यवस्था कर सकते हैं।

भवन में अन्य सेवाएँ

न्यायालय भवन के अंदर कई सेवाओं के कार्यालय स्थित हैं, जैसे Prisoners Aid (बंदी समर्थन), Legal Aid ACT (कानूनी सहायता एसीटी) और Domestic Violence Crisis Service (घरेलू हिंसा संकट सेवा)। इन सेवाओं पर जाने के लिए आप हमारे कॉन्सियर्ज, न्यायालय के कर्मचारियों या पूछताछ काउंटर से निर्देश पूछ सकते/सकती हैं।

उपकरणों का उपयोग

फिल्मांकन, फोटोग्राफी और रिकॉर्डिंग करना Law Courts Building के अंदर और न्यायालय भवन के बाहर पक्के क्षेत्र में भी निषिद्ध है।

याद रखने के लिए बातें

कृपया न्यायालय आते समय अच्छे, साफ-सुथरे कपड़े पहनें, तैयार रहें, समय पर आएँ, धीरज बनाए रखें, विनम्र व्यवहार दिखाएँ तथा दूसरों का सम्मान करें, और न्यायकक्षों के अंदर होने पर अपना फोन बंद रखें।

अपनी उपस्थिति के लिए योजना बनाएँ

अप्रत्याशित देरी होने की स्थिति का बेहतर प्रबंधन करने के लिए कृपया यहाँ आने से पहले अपने परिवहन, चाइल्डकेयर और देखभालकर्ताओं की व्यवस्था करें, साथ ही किसी भी दवाई और भोजन-संबंधी आवश्यकताओं के बारे में भी सोचें।

हिंसा से सुरक्षा

व्यक्तिगत सुरक्षा या पारिवारिक हिंसा सुरक्षा आदेश के लिए आवेदन कैसे करें और इसका उत्तर कैसे दें, इसके बारे में www.courts.act.gov.au/protectiontranslated पर अनुवादित तथ्यपत्रक उपलब्ध हैं।

सांस्कृतिक समावेशन

न्यायालय अलग-अलग सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों से आने वाले लोगों की सहायता इस प्रकार से कर सकता है:

- ज्यूरी सेवा देने वाले लोगों के लिए भोजन और प्रार्थना से संबंधित आवश्यकताओं को समायोजित करना;
- शपथ लेते समय गवाहों को उनकी आस्था के अनुसार ईश्वर का नाम लेने की अनुमति देना (*Oaths and Affirmations Act 1984* की अनुसूची 2 देखें);
- Law Courts Building के भूतल पर एक बहु-आस्था कक्ष सुलभ कराना;
- कोरोनियल प्रक्रियाओं में निर्णय लेते समय सांस्कृतिक दृष्टिकोण और आध्यात्मिक विश्वासों पर विचार करना - उदाहरण के लिए, मृतक व्यक्ति की किस तरह की जाँच की आवश्यकता है और क्या शरीर-भेदन वाली ऑटोप्सी करना अनिवार्य है - *Coroners Act 1997* की धारा 17ए देखें।

सुनवाई से पहले दौरे

जिन लोगों को भाषा से संबंधित कठिनाइयाँ होती हैं, उनकी सुनवाई की तिथि से पहले न्यायालय का दौरा आयोजित करने के लिए उनका स्वागत है। कृपया हमारे Courts Assistance Officers को (02) 6205 0322 पर टेलीफोन से संपर्क करें या courtassistance@courts.act.gov.au पर ईमेल भेजें।

विशिष्ट समर्थन

यदि आपको न्यायालय में विशिष्ट प्रकार का समर्थन चाहिए, जैसे दुभाषिया, विकलांगता समर्थन या अन्य कोई विशिष्ट आवश्यकताएँ, तो कृपया हमारे Courts Assistance Officers को (02) 6205 0322 पर संपर्क करें या courtassistance@courts.act.gov.au पर ईमेल भेजें।

दुभाषिया सहायता

दुभाषिए के माध्यम से टेलीफोन पूछताछ

फोन के माध्यम से 160 से भी अधिक भाषाओं में दुभाषियों की सुलभता के लिए **131 450** पर कॉल करें, उन्हें बताएँ कि आप **ACT Courts and Tribunal** को क्यों कॉल कर रहे/रही हैं और दुभाषिए से कहें कि वे **ACT Courts and Tribunal** से **(02) 6205 0000** पर आपका संपर्क कराएँ या अपनी आवश्यकता के क्षेत्र में सीधा टेलीफोन नंबर प्राप्त करने के लिए वेबसाइट www.directory.act.gov.au पर उपलब्ध ACT Government Directory का उपयोग करें।

टेलीफोन दुभाषिए का उपयोग करके आमने-सामने पूछताछ

न्यायालय आने पर कृपया कर्मचारियों को बताएँ कि आपको किस भाषा की आवश्यकता है। न्यायालय के कर्मचारी **131 450** पर दुभाषिए के लिए टेलीफोन कर सकते हैं।

न्यायालय की कार्यवाही के दौरान दुभाषिए

यदि आपको न्यायालय की कार्यवाही के दौरान दुभाषिए की आवश्यकता है, तो कृपया अपनी आवश्यकताओं के बारे में बात करने के लिए अपने कानूनी प्रतिनिधि, वकील या न्यायालय से यथाशीघ्र संपर्क करें। न्यायालय और ट्रिब्यूनल कार्यवाहियों के लिए दुभाषियों की बुकिंग करने के लिए जिम्मेदार एजेंसियों के संपर्क विवरण www.courts.act.gov.au पर हमारे दुभाषिया वेबपेज पर उपलब्ध हैं। यदि आपको सहायता चाहिए, तो कृपया हमारे Courts Assistance Officers को (02) 62050322 पर संपर्क करें या courtassistance@courts.act.gov.au पर ईमेल भेजें।